दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ सोमवार ♦ 09 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 910

हारे हुए सरपंच प्रत्याशी का किया सम्मान,

5.82 लाख रूपए देकर किया सहयोग









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। चुनावी मैदान में हार-जीत के बाद अक्सर गांवों में राजनीतिक खेमेबंदी और दूरियां देखने को मिलती हैं, लेकिन श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत इंदपालसर सांखलान और गांव राईकान के ग्रामीणों ने इस धारणा को बदलते हुए सामाजिक समरसता और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की है। हाल ही में संपन्न सरपंच चुनाव में अमिता देवी भले ही जीत हासिल नहीं कर सकीं, लेकिन ग्रामीणों के स्नेह और सम्मान ने उन्हें एक अलग ही जीत का अहसास करवाया। दीपावली के अवसर पर रविवार सुबह ग्रामीणों ने अमिता देवी के परिवार का सम्मान करते हुए 5.82 लाख रुपए की सहयोग राशि भेंट की है। रितिक सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच चुनाव में अमिता देवी के पराजित होने के बाद दोनों गांवों के ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से उनका सम्मान व सहयोग करने का निर्णय लिया। दीपावली के दिन ग्रामीणों ने अमिता देवी के ससुर उदाराम मेघवाल को साफा पहनाकर सम्मानित किया और 5.82 लाख रुपए की नगद राशि भेंट की। ग्रामीणों का स्नेह व सहयोग देखकर उदाराम भावुक हुए व परिवार सहित ग्रामीणों का आभार जताया। इस अवसर पर जैसाराम सहू, पंच रिछपाल राईका, पंच मोटाराम सारस्वा सहित इंदपालसर सांखलान और राईकान गांवों के अनेक मौजिज ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में ग्रामीणों ने सकारात्मक संदेश दिया कि लोकतंत्र में चुनावी परिणाम अपनी जगह हैं, लेकिन गांव का भाईचारा, सामाजिक समरसता और आपसी सम्मान सबसे जरूरी हैं। सरपंच पद पर जीत किसी एक प्रत्याशी की हो सकती है, मगर गांव की एकता और खुशहाली पूरे समाज की जीत है। दीपावली के अवसर पर ग्रामीणों का यह कदम क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और इसे सामाजिक सौहार्द की प्रेरणादायी मिसाल मानी जा रही है।



अस्पताल की इंमरजेंसी में मचा हड़कंप, एक दर्जन से अधिक

घायल, 12 को किया रेफर, सीओ पहुंचे अस्पताल







श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

9 नवंबर 2026। क्षेत्र में एक के बाद एक तीन सड़क हादसो की सूचना एक ही समय रविवार को आई। उपजिला अस्पताल के इंमरजेंसी में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सीओ निकेत पारीक उपजिल अस्पताल पहुंचे व घायलों के ईलाज का निरीक्षण किया। वहीं समाजसेवी बृजलाल तावणियां भी अस्पताल पहुंचे व घायलों की कुशलक्षेम पूछी। सेवा संस्थाओं की एंबुलेंस और सेवादार भी मौके पर सहायता के लिए पहुंचे।

गांव बिग्गा के पास भिड़े दो वाहन, हुए चकनाचूर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। गांव बिग्गा के निकट हाइवे पर एक हैरियर और बोलेरो आमने सामने भिड़ गए जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार गांव बिनादेसर 8 जने घायल हो गए। इनमें अभिनाथ, खुमनाथ, जेठनाथ, भीख नाथ, नारायणनाथ, बीरमनाथ, उंकार नाथ, नानकनाथ घायल हुए। हैरियर सवार बीकानेर निवासी अशोक बेनी वाल व भावना को भी घायल हुए है। सभी 10 घायलों को बीकानेर रेफर कर दिया गया। सभी घायलों का मेडिकल टीम द्वारा तत्परता से ईलाज किया। पुलिस जवान व सेवादार भी एक्टिव रहें।

खाखी धोरा के निकट भिड़े दो वाहन, एक घायल

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। हाइवे पर खाखी धोरा से श्रीडूंगरगढ़ की ओर एक स्कॉर्पियो और बोलेरो में आमने सामने की टक्कर हुई। इस दुर्घटना में तीन जने घायल हुए। जिसमें स्कॉर्पियो सवार भिवाणी निवासी जयवीर को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं बोलेरो सवार बिग्गा निवासी प्रकाश सारण व वीरेंद्र सारण को भी अस्पताल पहुंचाया गया। बोलेरो सवार दोनों को बीकानेर रेफर किया गया।

तेज स्पीड बोलेरो पोल से भिड़ी और खेत में जा गिरी, सड़क पर लगी वाहनों की कतार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। बीदासर रोड पर बाना से तीन किलोमीटर श्रीडूंगरगढ़ की ओर एक तेज गति बोलेरो पोल से टकरा गई। पोल तोड़कर बोलेरो खेत में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो में रामूनाथ निवासी रीड़ी सहित बाहर के श्रमिक थे जो चोटिल हुए। वहीं दुर्घटना के बाद रोड किनारे वाहनों की कतारें लग गई। गनीमत रही इस दुर्घटना में कोई गंभीर घायल नहीं हुए।

रविवार सुबह एक बाड़े में लगी आग में चारा

जलकर खाख, टैंकर से काबू पाया

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। रविवार सुबह दीपावली के दिन शहर के कालूबास की अंबेडकर कॉलोनी में एक चारे के बाड़े में आग लग गई। यहां पास ही क्रिकेट खेल रहें युवाओं की सूझबूझ से तुरंत आग पर काबू पाया गया।मौके पर मौजूद कुनणाराम जयपाल ने बताया कि मेघवाल श्मशान भूमि के पास स्थित गंगराम पुत्र कुनणाराम नायक के बाड़े में बने एक झोंपड़े में आग लग गई। झोंपड़े में चारा भरा था जिसने आग पकड़ ली। आग किसी पटाखे से लगने की संभवना जताई गई। वहीं निकट ही क्रिकेट खेल रहे युवा भी पहुंच गए। युवाओं ने टैंकर पानी का मंगवाया और आग पर काबू पा लिया गया। संदीप भारतीय आपणो गांव सेवा समिति की फायर ब्रिगेड को बुलाया, परंतु तब तक आग पर काबू पा लिया गया।



अंबेडकर कॉलोनी में लगी झोंपड़े में आग, समिति ने तत्परता से बुझाई



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। अंबेडकर कॉलोनी में आगजनी की रविवार को दूसरी घटना घटित हुई। यहां रतिराम मेघवाल के घर में बने एक झोंपड़े में आग लग गई। आग लगते ही पड़ौसी मौके पर पहुंचे और आपणो गांव सेवा समिति को सूचित किया गया। समिति की फायर बिग्रेड ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। गनीमत रही आग में झोंपड़ा जल गया परंतु नुकसान विशेष नहीं हुआ। इस दौरान मौहल्ले के संदीप भारतीय व जागरूक युवाओं ने समिति की सक्रियता के लिए आभार जताया।

पत्नी अपनी माँ व भाई के साथ पहुंची पति के कार्यस्थल, गंदी गालियां देकर की मारपीट, पति ने तंग परेशान करने के आरोप में करवाया मामला दर्ज

9 नवंबर 2026। एक पति ने थाने पहुंचकर अपनी पत्नी, सास व साले के खिलाफ उसके कार्यस्थल पर आकर उसे अपमानित करने, कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।श्रीडूंगरगढ़ थाने में विकास निर्वाण निवासी चूरू ने अपनी पत्नी ऋतु, सास जशोदा पत्नी दौलतराम ढालिया, साला संदीप निवासी श्रीगंगानगर के खिलाफ प्रताड़ित व तंग परेशान करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि वह सरकारी बैंक में उपप्रबंधक के रूप में सेवारत है। उसका विवाह 14 अक्टूबर 2021 में ऋतु से हुआ। विवाह के बाद से ही पत्नी व उसके परिजनों ने लाखों रूपए मांगने शुरू कर दिए। जब उसने रूपए नहीं दिए तो ऋतु ने पत्नी के तौर पर मेरे साथ रहने से मना कर दिया और साफ शब्दों में तलाक मांगना शुरू कर दिया। पत्नी व उसके परिजनों ने उसे व उसके परिजनों को गंदी गालियां निकालते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने 22 मई 2026 को उसके खिलाफ श्रीगंगानगर के महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का झूठा मामला दर्ज करवाया। उस समय आरोपी पत्नी ने घर से सारे गहने लेकर राजीनामा कर लिया और श्रीडूंगरगढ़ में उसके साथ करीब डेढ़ माह रही। इस दौरान उसने क्लेश रखा और हर छोटी छोटी बात पर उसे तंग परेशान करती रही। 20 सितंबर 2026 को आरोपी पत्नी झगड़ा कर पीहर चली गई। परिवादी के बुलाने पर 12 अक्टूबर 2026 को आरोपी उसके कार्यस्थल बैंक आए और स्टाफ के सामने गंदी गालियां देते हुए अभद्र व्यवहार किया। जब उसने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। परिवादी बैंक से निकलकर थाने की ओर जाने लगा तो आरोपियों ने पीछा कर उसके साथ मारपीट की। परिवादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के उग्र व्यवहार के चलते उसे मामला दर्ज करवाना पड़ा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल बेगाराम को सौंप दी है।







दिन दहाड़े घर के आगे खड़ी मोटरसाइकिल ले गए चोर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। दिन दहाड़े श्रीडूंगरगढ़ शहर में एक घर के आगे खड़ी मोटरसाइकिल चोरों के हत्थे चढ़ गई और चोर बाइक ले गए। आड़सर पुरोहितान की रोही में काश्तकार किसान कालूदास स्वामी निवासी भोजासर बड़ा की बाइक 1 नवंबर को दोपहर उसकी आड़सर बास में स्थित घर के आगे से करीब 11 बजे एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 1 नवंबर को 11 बजे करीब दो लड़के मोटरसाइकिल पर आए। एक लड़का मोटरसाइकिल लेकर आया और दूसरा लड़का परिवादी की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल गणेशाराम को दी है।

नहर में व्यक्ति के गिरने की सूचना,,मौके पर मिले जूते और मोबाइल

छतरगढ़। छतरगढ़ थाना क्षेत्र की इंदिरा गांधी मुख्य नहर की 585 आरडी पर एक व्यक्ति के नहर में गिरने की सूचना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। जानकारी के अनुसार सत्तासर निवासी बुधराम नायक के नहर में गिरने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल पर व्यक्ति के जूते और मोबाइल फोन मिलने की जानकारी सामने आई है। सत्तासर के पूर्व सरपंच बरकत अली ने इस संबध में सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों एवं आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

नवनिर्वाचित सरपंच ने दो माह से बंद ट्यूबवैल चालू करवाया



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत धीरदेसर चोटियान में नवनिर्वाचित सरपंच हीरादेवी के प्रतिनिधि सीताराम पड़िहार ने ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान करते हुए दो माह से बंद पड़े ट्यूबवैल को चालू करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि आथुना बास में ट्यूबवैल बंद होने से पिछले दो माह से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। रविवार सुबह सरपंच प्रतिनिधि सीताराम पड़िहार की पहल पर ट्यूबवैल शुरू होने से ग्रामीणों को राहत मिली। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की दी बधाई, दीपोत्सव पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा और परिवार की एकजुटता का प्रतीक

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को संदेश दिया कि दीपोत्सव पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा और परिवार की एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशी, उमंग और प्रकाश का त्योहार है। यह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, असत्य से सत्य की ओर तथा बुराई से अच्छाई की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमें मर्यादा, सेवा, त्याग और जनकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने आमजन से दीपावली के अवसर पर अपने परिवार में प्रेम, समाज में भाईचारा और प्रदेश में सुख-शांति एवं सद्भाव बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को हम सभी अपने त्योहारों में उतारें, जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटें, पर्यावरण का ध्यान रखें तथा स्थानीय उत्पादों को अपनाकर कारीगरों और छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर ऐसा राजस्थान बनाएं, जहां हर घर में खुशहाली हो, युवाओं के सपने साकार हों तथा हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिले। मुख्यमंत्री ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि की प्रार्थना की है।



दिवाली के दिन नागपुर जिले में 2.6 तीव्रता का आया हल्का भूकंप

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार दोपहर हल्के झटके महसूस किए गए जिससे दिवाली के दिन स्थानीय लोगों में चिंता उत्पन्न हो गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.6 थी और झटके दोपहर 2:17 बजे दर्ज किए गए। नागपुर भूकंपीय क्षेत्र II के अतर्गत आता है जिसे भूकंप के लिहाज से अपेक्षाकृत कम जोखिम वाला क्षेत्र माना जाता है। हालांकि, इस जिले और इसके आस-पास बार-बार महसूस किए गए झटकों ने यहां की भूकंपीय गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसके कारण अब वैज्ञानिक निगरानी बढ़ाने और विस्तृत भूवैज्ञानिक जांच करने की मांग उठ रही है। रविवार को आए भूकंप के बाद किसी बड़े नुकसान या जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।बार-बार होने वाली भूकंपीय गतिविधियों ने नागपुर और आसपास के इलाकों में निरंतर निगरानी और भूकंप सुरक्षा के बारे में लोगों के बीच अधिक जागरूकता की आवश्यकता को उजागर किया है।





पालिका प्रशासन ने कार्मिकों को मिठाई देकर दी शुभकामनाएं



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 9 नवंबर 2026। दीपावली के अवसर पर नगरपालिका प्रशासन की ओर से पालिका के समस्त कार्मिकों एवं स्टाफ को मिठाई के डिब्बे भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान पालिकाध्यक्ष नारायण कलाणी, उपाध्यक्ष विनोदगिरी गुसाई, पार्षद रामकुमार स्वामी, ललित झालरिया, पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश नाई, नानूराम कुचेरिया सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम दर्जी, भवानीशंकर तावणियां, महेन्द्र पारीक, राधे ज्याणी, पालिका के मोतीलाल नाई, सफाई निरीक्षक कमल चांवरिया सहित भाजपा संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पालिका प्रशासन ने सफाई कार्मिकों सहित समस्त कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर पालिका कार्मिकों ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जताई।



पश्चिमी विक्षोभ के कारण 10 नवंबर से कश्मीर में बारिश और बर्फबारी - मौसम विभाग



पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में दस नवंबर से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है जिससे जम्मू -कश्मीर में व्यापक वर्षा होगी और 12 नवंबर को कश्मीर घाटी में भारी बारिश या बर्फबारी की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को बताया कि 10 नवंबर को जम्मू -कश्मीर और लद्दाख में छिटपुट से लेकर व्यापक वर्षा का पूर्वानुमान है जिसके बाद 11 से 13 नवंबर के बीच काफी व्यापक से लेकर व्यापक वर्षा होगी। विभाग ने कहा, 12 नवंबर को कश्मीर घाटी में छिटपुट भारी बारिश/बर्फबारी की संभावना है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 10 से 13 नवंबर के बीच छिटपुट स्थानों पर बिजली गिरने के साथ गरज और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है, जिनमें 60 किमी प्रति घंटे तक के झोंके भी आ सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में 10 से 13 नवंबर के बीच छिटपुट से लेकर व्यापक वर्षा होने की संभावना है। 12 और 13 नवंबर को छिटपुट स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज और 50 किमी प्रति घंटे तक के झोंके आने का पूर्वानुमान है। उत्तराखंड में 8 से 11 नवंबर और फिर 13 नवंबर को छिटपुट वर्षा हो सकती है। पूर्वानुमान में सप्ताह के अंत में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी छिटपुट वर्षा की संभावना जताई गई है। हालांकि, मौसम विभाग की विस्तृत वर्षा तालिका में सात दिनों की पूर्वानुमान अवधि के दौरान हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में शुष्क मौसम का अनुमान व्यक्त किया गया है और पंजाब में 12 से 14 नवंबर तक छिटपुट वर्षा का संकेत दिया गया है। विभाग ने 14 नवंबर तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ या दिल्ली के लिए कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम विज्ञान विश्लेषण के अनुसार, पंजाब और उससे सटे हिमाचल प्रदेश के ऊपर स्थित एक चक्रवाती परिसंचरण अब उत्तरी हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों की ओर स्थानांतरित हो गया है, जो समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने 8 से 10 नवंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में तथा 8 नवंबर को केरल में छिटपुट वर्षा का पूर्वानुमान लगाया है। दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना है, जिसमें 50 किमी प्रति घंटे तक के झोंके आ सकते हैं। पूर्वोत्तर भारत में, असम और मेघालय में 11 नवंबर को और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 10 और 11 नवंबर को कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान है।दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में बिजली कड़कने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ गरज-चमक वाले तूफान आने की संभावना है, जिनमें से कुछ हवा के झोंके 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। पूर्वोत्तर भारत में, 11 नवंबर को असम और मेघालय में तथा 10 और 11 नवंबर को नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 9 से 13 नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और खड़ी फसलों तथा कमजोर ढांचों को नुकसान हो सकता है। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति सड़क और रेल परिवहन को बाधित कर सकती है और दृश्यता को कम कर सकती है। संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मौसम संबंधी अपडेट पर नजर रखने, गरज-चमक के दौरान पेड़ों के नीचे शरण लेने से बचने और बिजली गिरने से बचाव के उपाय करने की सलाह दी है।



भाजपा चाहती है कि उसके सदस्य ही भारत के नागरिक और वोटर बनें - अखिलेश



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मतदाता सूची और नागरिकता को लेकर साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि उसके सदस्य ही भारत के नागरिक हों और उन्हीं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए। देश और संविधान को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी अब समाजवादी पार्टी और उसके कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। दीपावली के अवसर पर रविवार को सैफई स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेशभर से पहुंचे नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। अखिलेश यादव ने कहा कि आज पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश और समाजवादी पार्टी पर टिकी हैं। लोग देखना चाहते हैं कि सपा भाजपा का मुकाबला कर पाएगी या नहीं। उत्तर प्रदेश में भाजपा को हरा दिया गया तो उसका सफाया तय है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई बड़ी है और इसे कमजोर नहीं होने देना है। इतिहास घटनाओं से बनता और बदलता है। भाजपा को अहसास हो गया है कि वह चुनाव हारने वाली है, इसलिए वह किसी भी रास्ते का इस्तेमाल कर सकती है। प्रदेश की जनता ने भी उसकी विदाई तय कर ली है। अपनी नाकामी के कारण अब उसे बाहर से लोगों को बुलाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सपा का उद्देश्य केवल कानून का राज स्थापित करना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का राज कायम करना भी है। सरकार बनने पर पीड़ितों को उनका पूरा अधिकार दिलाया जाएगा और हर वर्ग को उसकी आबादी के अनुपात में सम्मान व अधिकार देने का प्रयास होगा। उन्होंने देश-विदेश के सभी भारतीयों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह दीया जलाने से अंधेरा दूर होता है, उसी तरह समाज से हर तरह की बुराई मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसा कोई समय नहीं होता, जब अधर्म और बुराई के खिलाफ संघर्ष न करना पड़े। यह लड़ाई केवल बाहर ही नहीं, बल्कि व्यक्ति को अपने भीतर भी लड़नी पड़ती है। यदि समाज और मन से बुराई समाप्त हो जाए तो सकारात्मकता और इंसानियत ही शेष रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपना व्यवहार अच्छा रखने और भाषा पर नियंत्रण रखने की अपील की। कहा कि जितना अच्छा व्यवहार और संयमित भाषा होगी, जनता का उतना ही अधिक समर्थन मिलेगा। आगामी चुनाव की तैयारियों पर उन्होंने कहा कि अब ज्यादा समय नहीं बचा है। दीपावली, गोवर्धन पूजा, छठ, नया साल और क्रिसमस जैसे त्योहारों के बीच चुनाव की तारीखें सामने आ जाएंगी। इसलिए कार्यकर्ता अभी से पूरी मुस्तैदी से मैदान में जुट जाएं। उन्होंने पीडीए का व्यावहारिक अर्थ समझाते हुए कहा कि प्लानिंग के साथ काम करना, धैर्य और अनुशासन बनाए रखना तथा चुनाव के दिन पूरी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी निभाना जरूरी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का नकारात्मक इस्तेमाल कर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। महात्मा गांधी के तीन बंदरों का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीक का इस्तेमाल गलत तरीके से किया जा रहा है। जनता और कार्यकर्ताओं को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए तरह-तरह के आयोजन और कथाएं कराई जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसे मुद्दों में उलझने के बजाय जनता के सवालों पर ध्यान देने को कहा। सोशल मीडिया पर संयम रखने की नसीहत देते हुए कहा कि शाम होते ही कुछ लोग भाषा पर नियंत्रण खो देते हैं। विरोधी चाहते हैं कि समाजवादी कार्यकर्ता कुछ ऐसा बोल दें, जिसका वे राजनीतिक लाभ उठा सकें। इसलिए सभी को सतर्क रहकर काम करना होगा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव, पूर्व सांसद राम सिंह शाक्य, मेरठ से आए सपा के वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर, सांसद जितेंद्र दोहरे, सांसद धर्मेंद्र यादव और सपा के प्रदेश सचिव केपी सिंह शाक्य सहित बड़ी संख्या में विधायक, सांसद और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेशभर से आए कार्यकर्ता और अतिथि अखिलेश यादव को दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए मिठाइयों के रंग-बिरंगे पैकेट और उपहार लेकर पहुंचे। पार्टी कार्यालय में आए अतिथियों को जलेबी और हैवरा के प्रसिद्ध पंपुले के समोसे भी खिलाए गए। देर रात तक मुलाकातों का सिलसिला जारी रहा।





अफगानिस्तान की मौजूदा सरकार के खिलाफ मोर्चा बनाने वाले अफगान नहीं - तालिबान सैन्य अधिकारी

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के थल सेना प्रमुख ने कहा है कि देश की मौजूदा सरकार के खिलाफ मोर्चा बनाने वाले लोग अफगान नहीं हैं। टोलो न्यूज के अनुसार, फसीहुद्दीन फितरत ने काबुल स्थित अब्दुल्ला बिन मसूद संयुक्त युद्ध प्रशिक्षण केंद्र में 1,000 से अधिक कर्मियों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस्लामिक अमीरात के सशस्त्र विरोधियों का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन समूहों को पाकिस्तान से धन और हथियार मिलते हैं। श्री फितरत ने कहा कि इस्लामिक अमीरात के सशस्त्र विरोधियों की अफगानिस्तान में कोई भौतिक मौजूदगी नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि देश को अस्थिर करने की दूसरे देशों की किसी भी कोशिश का कड़ा जवाब दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, प्रशिक्षण पूरा करने वाले नए कर्मियों को कथित डूरंड रेखा के आसपास तैनात किया जाएगा।



ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया सहित कई देशों के नेताओं ने दी दिवाली की शुभकामनाएं- रोशनी, एकता का दिया संदेश

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और इजरायल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को दुनियाभर में दिवाली मना रहे लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अंधकार पर प्रकाश की विजय, आशा, एकता और नयी शुरुआत के त्योहार के स्थायी संदेश का उल्लेख किया। श्री अल्बनीज ने अपने संदेश में दीपावली मना रहे सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रकाश की विजय का उत्सव और विभिन्न धर्मों एवं संस्कृतियों के समुदायों को एकजुट करने वाला पर्व बताया। उन्होंने कहा, मैं दीपावली मना रहे सभी लोगों को प्रकाश की विजय के इस महान उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध समुदायों के लिए गहरा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है। उन्होंने इसे उदारता और नयी शुरुआत की भावना से जुड़ी आध्यात्मिक एवं व्यक्तिगत नवीनीकरण की प्राचीन परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के प्रतीक और मूल्य धर्म एवं संस्कृति की सीमाओं से परे हैं तथा सभी के लिए करुणा और आपसी समझ का संदेश देते हैं। श्री अल्बनीज ने कहा, प्रेम और एकता को अपने केंद्र में रखने वाला यह प्रकाशमय संदेश और निमंत्रण आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पहले कभी था। त्योहार के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि दीये, मोमबत्तियां और लालटेन जलाना मानवता की साझा उम्मीदों और इस विश्वास को दर्शाता है कि अच्छाई, ज्ञान और सत्य की जीत होगी। श्री अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया की बहुसांस्कृतिक पहचान में दीपावली के बढ़ते महत्व का भी उल्लेख किया और भारतीय प्रवासी समुदाय सहित इस त्योहार को मनाने वाले अन्य समुदायों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा,हम सभी इस बात पर गर्व और खुशी महसूस कर सकते हैं कि आधुनिक ऑस्ट्रेलिया की पहचान में दीपावली कितनी गहराई से शामिल हो गई है। अपनी विरासत के अधिकारों और परंपराओं का सम्मान करते हुए आप उस देश को भी समृद्ध कर रहे हैं, जिसे आपने अपना घर बनाया है। आपने और आपके समुदाय ने पीढ़ियों से कड़ी मेहनत, आकांक्षाओं और देश के प्रति अटूट प्रेम के जरिए ऐसा किया है। उन्होंने समुदाय के योगदान को सभी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए एक उपहार बताया और उम्मीद जताई कि दीपावली का उत्सव लोगों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरित करेगा। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री का संदेश साझा किया। उन्होंने त्योहार के आशा, एकता और नयी शुरुआत के संदेश तथा भारतीय प्रवासी समुदाय के स्थायी योगदान को रेखांकित किया। इस बीच, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने भी दीपावली के अवसर पर भारतीय समुदाय के साथ उत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि वह मानव संसाधन मंत्री रमनन रामकृष्णन के पारिवारिक आवास गए और बाद में एमआईसी तथा एमआईईडी की ओर से आयोजित 2026 के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर एमआईसी अध्यक्ष तान श्री एसए विग्नेश्वरन भी मौजूद थे। श्री इब्राहिम ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता ही मलेशिया की विशिष्ट पहचान है और इसे मनाना, संरक्षित करना तथा इसकी रक्षा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में सद्भाव और स्थिरता बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी दीपावली मना रहे लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके लिए शांति, नवीनीकरण और आशा की कामना की। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में त्योहार के महत्व और अंधकार पर प्रकाश की विजय के संदेश को रेखांकित करते हुए कहा, दुनियाभर में लाखों लोग जब अंधकार पर प्रकाश की विजय का उत्सव मनाने के लिए अपने दीये जला रहे हैं, तब इजरायल शांति, नवीनीकरण और आशा की हार्दिक शुभकामनाएं देता है। दीपावली की रोशनी केवल घरों में ही नहीं, बल्कि दिलों में भी चमके। वेनेजुएला में भी दिवाली का उत्सव मनाया गया। वेनेजुएला में भारतीय दूतावास ने एक्स पर बताया कि सरकार और भारतीय दूतावास ने राजधानी काराकास में संयुक्त रूप से दीपावली समारोह आयोजित किया। इसमें कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज, मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और राजनयिक समुदाय के सदस्य शामिल हुए। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में वेनेजुएला के कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति भी दी। पाकिस्तान की प्रथम महिला आसिफा भुट्टो जरदारी ने भी दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से जरूरतमंदों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा, जब परिवार एकत्र होकर अपने दीये जलाते हैं, तो हमें कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को याद रखना चाहिए और इस अवसर की खुशियां उनके साथ साझा करनी चाहिए। आइए, दयालुता, मित्रता और एक-दूसरे की देखभाल के जरिए दीपावली की गर्माहट को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।





प्रियंका सिंह की आवाज में छठ गीत उगी हे सूरज देव रिलीज

लोक आस्था के महापर्व छठ को समर्पित भोजपुरी गीत उगी हे सूरज देव वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो गया है। लोकप्रिय गायिका प्रियंका सिंह की आवाज में सजे इस गीत में छठी मईया की भक्ति और सूर्य देव की आराधना को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया है।गीत के वीडियो में गंगा किनारे सजे छठ घाट, भोर की पवित्र बेला, जल में खड़े होकर सूर्य देव की आराधना और फल-फूलों से सजे पूजा के प्रसाद की झलक देखने को मिलती है। अभिनेत्री प्रिया तिवारी छठ व्रती की पारंपरिक वेशभूषा और भक्तिभाव में नजर आ रही हैं। गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसके बोल शुभदयाल सोहरा ने लिखे हैं, जबकि संगीत छोटू रावत ने दिया है। प्रोजेक्ट का निर्देशन नवतरन पांडे ने किया है। वीडियो निर्देशन आशीष पार्क ने किया है। छायांकन रवि राठौर और राहुल रॉय, कोरियोग्राफी विक्की डीएस, संपादन विक्की एस. राज तथा डीआई रोहित सिंह ने किया है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उगी हे सूरज देव के माध्यम से छठी मईया और सूर्य देव के प्रति भक्तों की श्रद्धा को संगीत के जरिए प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उन्हें उम्मीद है कि यह गीत छठ व्रतियों और भोजपुरी संगीत प्रेमियों को पसंद आएगा।





बंगलादेश ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत से औपचारिक अनुरोध किया- कानून मंत्री



बंगलादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत से औपचारिक अनुरोध किया है। कानून मंत्री मोहम्मद असद ुज्जमान ने रविवार को उन्हें दोषी अपराधी बताया और कहा कि बंगलादेश कानूनी प्रक्रिया के तहत उनकी वापसी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। कानून, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री मोहम्मद असदुज्जमान ने रविवार को कहा कि सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को बंगलादेश वापस लाने के लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन कर रही है। उन्होंने हसीना को दोषसिद्ध अपराधी बताया। उन्होंने कहा, मेरे लिए वह एक अपराधी हैं। हमारे न्यायाधिकरण ने उन्हें दोषी ठहराकर सजा सुनाई है। हमारे लिए उनकी यही पहचान है। उन्हें वापस लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया जारी है। श्री असदुज्जमान ने ढाका के एक होटल में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बंगलादेश (टीआईबी) की ओर से आयोजित न्यायिक कार्यवाही में ईमानदारी विषयक कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, शेख हसीना के संबंध में कानून के तहत जो कुछ भी किया जाना आवश्यक है, हम उचित प्रक्रिया के जरिए कर रहे हैं। जब हम कोई कदम उठाएंगे तो आप देखेंगे कि हम कानूनी रूप से इससे कैसे निपटते हैं। यहां भावनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। मेरा काम कानून लागू करना है। यदि हम कानून को सही तरीके से लागू करने में विफल रहते हैं, तो आप हमसे सवाल कर सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार श्रीमती हसीना को वापस लाने के लिए भारतीय अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ेगी, मंत्री ने कहा कि यह भारत सरकार का मामला है। उन्होंने कहा, हमने प्रत्यर्पण संधि के तहत उनसे अनुरोध किया है। यदि वे उन्हें हमें सौंप देते हैं, तो हम निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत कानून के अनुसार उन्हें वापस लाएंगे। एक पत्रकार ने प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए सवाल किया कि श्रीमती हसीना को भारत में कैदी के बजाय राजकीय अतिथि के रूप में रखा गया है। इस पर असदुज्जमान ने कहा कि भारतीय अधिकारियों की ओर से उनकी स्थिति का जो भी वर्णन किया जाए, उससे बंगलादेश का रुख नहीं बदलता। उन्होंने कहा, वे जो चाहें कह सकते हैं, लेकिन केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। मेरे देश में खुले न्यायालय में उन पर मुकदमा चलाया गया। चूंकि आप यह सवाल उठा रहे हैं, इसलिए पहले इस पर विचार कीजिए कि क्या जुलाई क्रांति के दौरान 1,400 लोग मारे गए थे और क्या 30,000 लोग दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या मुकदमे में कोई कमी रह गई थी, क्या सुनवाई बंद कमरे में हुई थी और क्या गवाहों को अपनी गवाही देने का अवसर दिया गया था। श्री अस दुज्जमान ने कहा, उन्हें वापस लाने के लिए हमने उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत आवश्यक अनुरोध भेज दिया है। मैं यही कह रहा हूं।

भाजपा ने नारायणस्वामी के घर चाकू भेजे जाने पर खड़गे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की



कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाड़ी नारायणस्वामी के घर कथित तौर पर चाकू और ब्लेड भेजे जाने पर प्रदेश के गृह मंत्री प्रियांक खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। भाजपा ने इस घटना के लिए श्री खरगे को ज़िम्मेदार ठहराया। पूर्व सांसद एस मुनिस्वामी ने इस घटना के खिलाफ यहां फ्रीडम पार्क में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि श्री खरगे बार-बार नारायणस्वामी को निशाना बना रहे थे और इस काम के लिए सीधे तौर पर ज़िम्मेदार थे। उन्होंने मांग की, ÷गृह मंत्री पहले व्यक्ति होने चाहिए जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, उन्होंने पुलिस से इस घटना का स्वत:-संज्ञान लेने, इसके पीछे की साजिश की जांच करने और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार करने का आग्रह किया। श्री मुनिस्वामी ने कांग्रेस सरकार पर श्री नारायणस्वामी को सुरक्षा और सरकारी रहने की जगह न देने और राजनीतिक मकसद के लिए राज्य पुलिस का गलत इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने की दिशा में काम करने की अपील की। पूर्व विधायक वाई संपांगी ने कांग्रेस पर गुंडा संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और मांग की कि मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस घटना में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से माफी मांगें। श्री संपांगी यह आरोप लगाते हुए कि सरकार महंगाई और किसानों की परेशानी जैसे सार्वजनिक मुद्दों से ध्यान भटका रही है, ने चेतावनी दी कि भाजपा नेताओं या कार्यकर्ताओं को कोई भी नुकसान होने पर मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने हालांकि जोर देकर कहा कि भाजपा हिंसा का सहारा नहीं लेगी या कानून अपने हाथ में नहीं लेगी, और कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से जवाब देगी। भाजपा बेंगलुरु उत्तर जिला अध्यक्ष एस हरीश ने भी कांग्रेस की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह घटना विपक्षी आवाजों के प्रति पार्टी की असहिष्णुता को दिखाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में श्री नारायणस्वामी के घर में घुसने की कोई भी कोशिश कांग्रेस नेताओं के घरों पर बदले की कार्रवाई को न्योता देगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि श्री नारायणस्वामी को राज्य सरकार पर सवाल उठाने के लिए निशाना बनाया गया था और इस घटना पर मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से जवाबदेही की मांग की।



हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली, मुर्मु, मोदी, राहुल सहित विभिन्न नेताओं ने देशवासियों को दी प्रकाश पर्व की बधाई



प्रकाश पर्व दीपावली रविवार को देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने इस अवसर पर सफाई की और दीपों एवं बिजली की झालरों से घरों को सजाया। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोक सभा में विपक्ष के नेता नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न नेताओं ने देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्रीमती मुर्मु ने देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रावण पर विजय के बाद प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने पर जलाए गए दीपों का लोक विश्वास इस पर्व का सांस्कृतिक आधार है। उन्होंने कामना की कि देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि व्याप्त रहे तथा युवा पीढ़ी विकसित भारत के निर्माण में उत्साहपूर्वक योगदान दे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सिक्योरिटी फोर्स के साथ दिवाली मनाई और देश की सुरक्षा के लिए उनके साहस, बलिदान और पक्के इरादे को सलाम किया। एक्स पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने बस्तर में सिक्योरिटी फोर्स के साथ त्योहार मनाने का अपना अनुभव शेयर किया और कहा, ÷छत्तीसगढ़ के बस्तर में हमारे बहादुर सिक्योरिटी फोर्स के साथ एक बहुत खास दिवाली। गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीपोत्सव सभी के जीवन में सौभाग्य और नई ऊर्जा का संचार करे। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि तथा खुशियों की कामना की। श्री खरगे ने एक्स पर अपनी तथा कांग्रेस पार्टी की ओर से समस्त देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपों का यह पावन पर्व हर घर-आंगन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों का उजियारा बिखेरे। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द की लौ सदैव प्रज्वलित रहे तथा अन्याय, अज्ञान और भेदभाव का अंधेरा छँटे और न्याय, समानता तथा सद्भाव की रोशनी जन-जन तक पहुंचे। श्री खरगे ने कहा कि हर मन में आशा का दीप जले और हर जीवन में खुशियों का सवेरा हो। श्री गांधी ने कहा, आपको और आपके परिवार को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर में खुशियों और समृद्धि के दीप जलें तथा यह पावन पर्व पूरे भारत में सुख, शांति, सौहार्द और नई उम्मीदों की रोशनी लेकर आए। इस मौके पर बधाई देते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, आप सभी को प्रकाश एवं खुशियों के पावन पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान श्री गणेश जी और मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना करती हूं कि सभी देशवासियों का जीवन खुशियों से भर उठे, सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं रोशनी का संचार हो। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर जिले के नरखेड़ तालुका स्थित लोहारी सावांगा गांव में किसानों के साथ शनिवार को दिवाली मनाई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को अपने आधिकारिक आवास नंदनवन में दिव्यांगजनों के साथ दिवाली मनाई और कहा कि इस त्योहार की वास्तविक भावना जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीद और आत्मविश्वास जगाने में निहित है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित मिलन समारोह में मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिकारियों और आम नागरिकों से शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री निवास को दीपों, रंगोली और फूलों से सजाया गया था। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। साथ ही यह पर्व प्रेम, सद्भाव, शांति और समृद्धि का संदेश देता है तथा समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.वी. अर्लेकर, मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने रविवार को प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा, ÷ दीपावली के इस पावन अवसर पर मैं तमिलनाडु के लोगों और देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। प्रकाश का पर्व दीपावली बुराई पर अच्छाई, अज्ञान पर ज्ञान और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है।÷ मुख्यमंत्री विजय ने अपने संदेश में कहा, ÷दीपावली के इस शुभ अवसर पर सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार लोगों के दिलों में नई उम्मीद, नई ऊर्जा और खुशियां लेकर आता है।÷ उन्होंने कहा, ÷आइए हम अंधकार पर प्रकाश की जीत और बुराई के नाश के साथ अच्छाई की वृद्धि के प्रतीक दीपावली को बहुत उत्साह और सावधानी के साथ मनाएं। सभी के साथ ढेर सारा प्यार और खुशियां बांटें। यह त्योहार हर घर में खुशियां लाए, सबके जीवन में नई उम्मीद जगाए और हम सभी को भरपूर उत्साह से भर दे।÷ तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपनी पत्नी जानकी शुक्ल के साथ रविवार को दिवाली के पावन अवसर पर चारमीनार के पास स्थित ऐतिहासिक श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने देश और तेलंगाना की समृद्धि की कामना की और प्रार्थना की कि देवी का आशीर्वाद लोगों के जीवन में सुख, शांति और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि हमारे ये त्योहार हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, हमारे परिवारों की एकजुटता के प्रतीक हैं और दीपावली खुशियों, उमंग और प्रकाश का पर्व है। यह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, असत्य से सत्य की ओर तथा बुराई से अच्छाई की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें मर्यादा, सेवा, त्याग और जनकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना में दीघा-आशियाना रोड पर एक महादलित बस्ती के लोगों के साथ दिवाली मनाई, स्थानीय लोगों से बातचीत की, त्योहार की शुभकामनाएं दीं और तोहफ़े बांटे। इस मौके पर, चौधरी ने बिहार के लोगों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि राज्य विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा और पूरे राज्य में शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहेगी।





BAJAJ | THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

आभार श्रीडूंगरगढ़

बालाजी मोटर्स परिवार में जुड़ने के लिए

10 YEARS WARRANTY

अब कार जैसी इंजन वारंटी बजाज मोटरसाइकिल पर 10 साल या 125000 किलोमीटर तक इंजन वारंटी।

हर मोटरसाइकिल खरीद पर मिलेंगे ये सभी फ्री



हर मोटरसाइकिल खरीद पर ₹500 का पेट्रोल फ्री...

सबसे मजबूत, स्टाइलिश,, दमदार इंजन और

माइलेज का राजा, बजाज मोटरसाइकिल



हम पर भरोसा करने के लिए आपका धन्यवाद!

सस्ती मोटरसाइकिल का चक्कर छोड़ो,
बजाज मोटरसाइकिल लो और
10 साल बेफिक्र सफर करो

बालाजी मोटर्स
बीकानेर रोड़, N.H. 11, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

विक्रम स्वामी 7339967401
विशाल स्वामी श्रीडूंगरगढ़ टाईम्स

आज ही आएं और बजाज परिवार का हिस्सा बनें।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401